तापमान
अधिकतम 42.1 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 23 अप्रैल 2025

12 पॉश कॉलोनियों में बरसाती पानी से मिलेगी राहत

12 समाजसेवा में भूमिका निभाने वाले 60 सम्मानित


## खबर संक्षेप

### कैंटर की टक्कर में बाइक सवार की मौत

**समालखा।** जीटी रोड पर गांव करहंस के पास तेज रफ्तार कैंटर चालक ने बाइक सवार मोनू गोयल निवासी गांव करहंस जिला पानीपत को टक्कर मार दी। हादसे में मोनू की मौत हो गई। थाना समालखा पुलिस ने मृतक के भाई सोनू ने शिकायत के आधार पर आरोपी चालक पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नाबालिग फुफेरी बहन को लेकर युवक फरार

**पानीपत।** पानीपत के एक गांव की निवासी 17 साल की नाबालिग फुफेरी बहन को ममेरा भाई बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। लड़की की मां की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने केस दर्ज कर लड़की व युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### धागा फैक्टरी में आग तीन घंटों में पाया काबू

**पानीपत।** पानीपत के काबड़ी रोड क्षेत्र की गोपाल नगर स्थित वधवा यार्न फैक्ट्री में आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आस पास के लोगों ने इसकी सूचना फैक्ट्री मालिक को दी गई। दमकल की गाड़ियों ने तीन घंटों के प्रयासों के बाद आग को काबू किया। आग लगने की घटना के समय फैक्टरी बंद थी। वहीं फैक्टरी मालिक मॉडल टाउन निवासी राकेश वधवा ने बताया कि आग में माल, मशीन और बिल्डिंग का नुकसान हुआ है।

### बली में टहल रही महिला से सोने की चेन छीनी

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 24 में घर के बाहर गली में टहल रही महिला रजनी गुप्ता की बाइक सवार दो झपटमारों ने पता पूछने के बहाने सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। इधर, चांदनीबाग थाना पुलिस ने रजनी गुप्ता की शिकायत पर दो बदमाशों के खिलाफ स्नेचिंग के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सट्टेबाजी करते तीन पकड़े, नकदी बरामद

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस टीम ने सनौली रोड विद्यानंद कॉलोनी में शराब ठेके के नजदीक सट्टा खाईवाली करते तीन युवकों सन्नी पुत्र अशोक निवासी कच्चा कैंप, मोसिम पुत्र असलम निवासी पुरवाल कालोनी कच्चा कैंप व अजय पुत्र शिव शंकर निवासी बत्तरा कॉलोनी कच्चा कैंप को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से सट्टा खाईवाली में प्रयुक्त तीन गोटी व दाव पर लगी 3190 की नगदी बरामद की है।

### परचून की दुकान के बाहर अवैध शराब बेचता पकड़ा

**पानीपत।** थाना समालखा पुलिस की टीम ने सोमवार को जेएस फैक्टरी के पास परचून की दुकान के बाहर अवैध शराब बेचते राजेश पुत्र धर्मपाल भापरा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी से शराब की खेप बरामद की और आरोपी पर केस दर्ज किया।

## राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

# लक्ष्य तय कर आगे बढ़ें, सफलता निश्चित रूप से मिलेगी

### केंद्रीय मंत्री ने की एनडीआरआई की नई वेबसाइट शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को करनाल में स्थित राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान के 21वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

- मसाला लस्सी व बकरी के दूध से तैयार पनीर का किया लोकार्पण

इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ऊर्जा के साथ देश को विकसित बनाने के लिए कार्यरत हैं लेकिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका निभानी पड़ेगी और एकजुट होकर मेहनत करनी होगी, तभी हम भारत को विकसित बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले युवाओं से आह्वान किया कि वह संकल्प लें कि इस डिग्री का उपयोग आजीविका कमाने के साथ-साथ भारत को विकसित बनाने के लिए भी करेंगे।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कुल 201 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की। इसमें बी.टेक (डेयरी प्रौद्योगिकी) के 32 विद्यार्थी (27 लड़के व 5 लड़कियां), 98 मास्टर डिग्री विद्यार्थी (50 लड़के व 48 लड़कियां) तथा 71 पीएचडी विद्यार्थी (36 लड़के व 35 लड़कियां) शामिल रहे। उन्होंने इस दौरान एनडीआरआई की नई वेबसाइट को भी लॉन्च किया।





**करनाल।** एनडीआरआई के 21वें दीक्षांत समारोह के दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान व उपस्थितजन।

#### समाज के लिए भी सोचें

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षांत एक नई शुरुआत है, एक नए जीवन का प्रारंभ है। यह दिन संकल्प लेने का दिन है कि हमें स्वयं के लिए नहीं सोचना बल्कि समाज के लिए भी सोचना है। इस शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान और कौशल अर्जित करने के साथ-साथ नागरिकता के संस्कार पैदा करना भी है। ऐसे में अपने साथ-साथ समाज की संभाल भी करनी है और इस डिग्री का उपयोग आजीविका कमाने के साथ-साथ समाज हित में भी करना है।

#### एनडीआरआई सर्वोच्च संस्थान

एनडीआरआई के निदेशक एवं कुलपति धीर सिंह ने कहा कि देशभर की 73 यूनिवर्सिटी में एनडीआरआई पहले स्थान पर है। यहां 14 अलग-अलग विभाग है, जिनमें बीटेक, मास्टर और पीएचडी करवाई जाती है। यहां से डिग्री धारण करने वाले छात्रों की 100 प्रतिशत प्लेसमेंट है। एनडीआरआई में शोध के लिए 1700 पशुधन है, जिसमें अलग-अलग ब्रीड है। संस्थान में प्रतिदिन 3200 किलो दूध की प्रोडक्शन होती है। इसके साथ-साथ एनिमल क्लोनिंग में संस्थान ने निरंतर शोध कार्य किए हैं। संस्थान द्वारा निरंतर पशुपालन और डेयरी क्षेत्र के लिए नए-नए शोध किए जा रहे हैं।

इसके साथ-साथ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एनडीआरआई द्वारा तैयार मसाला लस्सी व बकरी के दूध से तैयार पनीर का भी लोकार्पण किया, जो एनडीआरआई के मिल्क पार्लर पर उपलब्ध होगा।

#### कृषि भारत की रीढ़ व किसान उसकी आत्मा

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि भारत की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है। कृषि और पशुपालन दोनों साथ-साथ चलते हैं। ऐसे में इस डेयरी संस्थान से शिक्षा ग्रहण करके निकलने वाले छात्र एक उद्देश्यपूर्ण जीवन जीए। देश में दुग्ध उत्पादन को कैसे बढ़ाया जाए, इस दिशा में कार्य करें। भारत के दुग्ध उत्पाद हर घर में कैसे पहुंचाए जाए, इस दिशा में कार्य करें। एनडीआरआई भी बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने एनडीआरआई के निदेशक धीर सिंह को एनआईआरएफ की रैंकिंग में भी एनडीआरआई संस्थान को प्रथम लाने के लिए और मेहनत करने के निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एनडीआरआई व समस्त भारतीयों को गरीबी मुक्त भारत की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एनडीआरआई 1 प्रयोग करें कि एक गांव को चुने और वहां हर व्यक्ति को आजीविका के साथ जोड़ने का कार्य करे। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज सरकार द्वारा लखपति दीदी अभियान चलाया जा रहा है, इसके अंतर्गत देशभर में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का संकल्प लिया गया है।

#### सराहनीय प्रयास

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि एनडीआरआई ने पशुपालन के क्षेत्र में सराहनीय प्रयास किए हैं। भारत एक कृषि प्रधान देश है और अन्नदाता व दुग्धदाता यहां अपना विशेष स्थान रखते हैं। ऐसे में जब ये दोनों समृद्ध होंगे तभी भारत विकसित राष्ट्र बनेगा और प्रधानमंत्री का लक्ष्य तभी पूरा होगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में समृद्धि लाने में दुग्ध उत्पादन का अहम योगदान है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, उप महानिदेशक पशु विज्ञान डॉ. राघवेंद्र भट्टा, पंतनगर यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. एमएस चौहान, निदेशक डॉ. सीएच. श्री निवास राव व अन्य वरिष्ठ अनुसंधानकर्ता व डिग्री प्राप्त करने आने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक मौजूद रहे।

# आठ जून को न्याय मार्च निकालेंगे रोडवेज कर्मचारी

- जीएम को ज्ञापन सौंपने के बाद कर्मचारियों ने खत्म की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के बैनर तले करनाल में पुराना बस अड्डे पर कर्मचारियों की 24 घंटे भूख हड़ताल यातायात प्रबंधक रोहतास जांगड़ा को ज्ञापन सौंपने के बाद समाप्त हुई।

भूख हड़ताल में शामिल कर्मचारियों को राज्य नेताओं ने जूस पिलाकर हड़ताल खुलवाई। भूख हड़ताल पर बैठने वाले कर्मचारियों में माया राम, सुशील कुमार, सुशील मेहरा, कृपाल सिंह, कर्ण सिंह, साहब सिंह, जयबीर, सुरेश कुमार संगोही, राजेश कुमार, सुमेर चंद, प्रदीप, विनोद कुमार, राजबीर, कर्मबीर, बलजीत, मुकेश कुमार, जितेंद्र कुमार, शीशपाल, हरीश कुमार व काला राणा शामिल हैं। राज्य मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य माया उनियाल तथा कृपाल सिंह लाडी ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों को जायज मानकर लागू करने का अस्वाशन समय समय पर देती आ रही हैं, परंतु उन्हें लागू नही कर रही हैं। जिससे कर्मचारियों को आथिक नुकसान हो रहा हैं। सरकार न तो कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान कर रही हैं और ना ही विभाग में कर्मचारियों की भर्ती कर रही हैं। जिससे बसों की मरमत करना,साफ सफाई व आम जनता परिवहन सुविधा देने में परेशानी आ रही हैं। सरकार बिना किसी की मांग के 362 मार्गो पर प्राइवेट बस परमिट देने की योजना बना रही।



**करनाल।** जूस पिलाकर हड़ताल खुलवाते हुए कर्मचारी नेता।

#### मांगें पूरी करे सरकार

रोडवेज कर्मचारी नेताओं ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि कर्मचारियों की मांगों जल्द से जल्द समाधान करे। रोडवेज कर्मचारी 8 जून को अम्बाला छावनी शहर में परिवहन आवास तक न्याय मार्च निकालेंगे।

# कड़ी मेहनत सफलता की कुंजी : सरबजोत

- ओलंपिक में कास्य पदक विजेता ने 150 छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता एवं अर्जुन अवार्डी शूटिंग खिलाड़ी सरबजोत सिंह अपने कोच अभिषेक राणा के साथ मंगलवार को पुलिस डीएवी स्कूल में पधारे। यह बच्चों के लिए एक प्रेरणादायक कार्यक्रम रहा।

इसमें डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में क्लस्टर स्तर पर पदक जीतने वाले लगभग 150 विजेता खिलाड़ियों को सरबजोत सिंह के द्वारा मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यालय के छात्रों के साथ शूटिंग भी की। उन्हें खेलों में आगे बढ़ने के लिए उपयोगी टिप्स व मार्गदर्शन प्रदान किया। प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने कहा, "सरबजोत सिंह जैसे ओलंपियन का हमारे विद्यालय में आना न सिर्फ हमारे लिए सम्मान की बात है बल्कि हमारे विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। उनका अनुभव विद्यार्थियों के मनोबल को ऊंचा करेगा और उन्हें खेलों में उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं।



**अंबाला।** छात्रों के साथ ओलंपिक कांस्य पदक विजेता सरबजोत सिंह ।

# हादसे में घायल छात्र की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

गांव हाफिजपुर के पास 11 अप्रैल को दो बाइकों की भिडंत में घायल हुए गांव टोपरा कलां निवासी 23 वर्षीय मनमीत सिंह की देर शाम अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मनमीत सिंह दामला पॉलिटेक्निक में मैकेनिकल ट्रेड का छात्र था। हादसे में दोनों बाइक चालकों की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि मनमीत सिंह का इलाज अस्पताल में चल रहा था।

गांव टोपरा कलां निवासी मनमीत सिंह दामला पॉलिटेक्निक में मैकेनिकल ट्रेड का छात्र था। 11 अप्रैल को दामला पॉलिटेक्निक से छुट्टी के बाद अपने एक छात्र साथी हर्ष निवासी झगुडी के साथ पैदल गांव की ओर जा रहा था। तभी रास्ते में एक बाइक सवार ने गांव तक लिफ्ट देने के लिए बाइक रोकी। मनमीत सिंह बाइक पर बैठ गया। गांव हाफिजपुर के पास उनकी बाइक को सामने से तेज गति से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक चालक व मनमीत घायल हो गए थे। तीनों को अस्पताल में भर्ती करवाया था।



मनमीत का फाइल फोटो।

### पूर्व सरपंच पर गबन का मामला दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव बड़ौली के पूर्व सरपंच प्रेम रंगा के खिलाफ खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने गबन करने का केस दर्ज किया गया है।

- जाली हस्ताक्षर कर खाते से 4 लाख निकाले

बताया गया है कि पूर्व सरपंच रंगा ने अपने कार्यकाल के दौरान जाली हस्ताक्षर कर पंचायत के खाते से चार लाख से ज्यादा की राशि निकलवाई थी। जिसकी शिकायत मिलने पर अधिकारियों ने जांच की।

करीब पांच साल पहले किए गए इस गबन के आरोप के प्रमाण मिलने पर पुलिस ने प्रेम रंगा पर आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# युवक से ठगे 13.46 लाख रुपये

- साइबर ठगों ने टास्क पूरा करने का लालच देकर की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठगों ने टास्क पूरा कर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर दुर्गा गार्डन छोटी लाइन निवासी रितिश कुमार से 13 लाख 46 हजार रुपये ठग लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार दुर्गा गार्डन कॉलोनी निवासी रितिश ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 अक्तूबर 2024 को उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया। जब उसने मैसेज को ओपन किया तो वह एक टेलीग्राम गुरप से जुड गया। जहां पर टास्क को लेकर बातें हो रही थी। इस दौरान उसे भी टास्क पूरा करके अधिक प्रोफिट कमाने का लालच दिया गया। वह भी आरोपियों की बातों में आ गया। शुरू में उसे आसान टास्क दिए गए। जिनको उसने आसानी से पूरा कर लिया। इसके बाद उसके ऑनलाइन अकाउंट में प्रोफिट नजर आने लगा। इसके बाद आरोपियों ने उसे मुसकिल टास्क देने शुरू कर दिए। टास्ट देने के नाम पर उससे अकाउंट में पैसे जमा करने को कहा गया। उसने आरोपियों पर विश्वास करके उनके द्वारा दिए गए अकाउंट में पैसे जमा करवा लिए। इस तरह आरोपियों ने 22 अक्तूबर 2024 से 18 दिसंबर 2024 तक उससे अलग-अलग करके 13 लाख 46 हजार रुपये जमा करवा लिए। जब वह प्रोफिट को अपने अकाउंट से निकालने लगा तो पैसे नहीं निकले। उसने इस बारे आरोपियों से बात कि तो उन्होंने उसे अकाउंट में ओर पैसे जमा करवाने को कहा। उसने पैसे जमा करवाने से मना कर दिया। जिसके बाद उसे गुरप से रिमूव कर दिया गया। जब उसने अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी।

### आरटीई के तहत आवेदन की तारीख 25 अप्रैल हुई

**अंबाला।** आरटीई के तहत नर्सरी व पहली कक्षा में आवेदन के लिए निशुल्क दाखिले को लेकर शिक्षा निदेशालय ने समय सीमा 25 तक बढ़ा दी है। अब अभिभावक उज्ज्वल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में फार्म जमा करवा सकेंगे। पहले आवेदन की अंतिम तारीख 21 अप्रैल थी। जिन निजी स्कूलों ने आरटीई नियम के तहत सीट की संख्या का ब्यौरा पोर्टल पर नहीं दिया है। उन निजी स्कूलों के एमआईएस पोर्टल को शिक्षा विभाग ने लॉक कर दिया है। आरटीई नियम में 25 प्रतिशत सीट का ब्यौरा न देने पर 84 निजी स्कूलों को विभाग की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

## समाज को नई दिशा देने का काम कर रही हैं बेटियां : रेनू भाटिया

# बेटियों के साथ रोजाना बढ़ रहीं आपराधिक घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज के वुमेन स्टडी सेंटर के तत्वावधान में मंगलवार को लीगल, पोश व पोक्सो एक्ट पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- डीएवी गर्ल्स कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम

इस दौरान हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। उन्होंने कहा कि बेटियां शक्ति का रूप हैं। वे हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। यही वजह है कि आज बेटियां समाज को नई दिशा देने का भी काम कर रही हैं। मौके पर उन्होंने पौधारोपण भी किया। रेनू भाटिया ने कहा कि किशोरावस्था पार करने के बाद हर लड़की में अपना भला बुरा सोचने की समझ विकसित हो जाती है। इसलिए वे किसी के बहकावे में न आएं। जब लड़कियों की सुरक्षा की बात आती है, तो सबसे पहले उनके साथ हुए क्राइम की घटनाएं जहन में कौंधने लगती हैं।

उन्होंने माना कि लड़कियों के साथ साल दर साल क्राइम की घटनाएं बढ़ रही हैं लेकिन थोड़ी सी जागरूकता व सतर्कता से उन पर अंकुश लगाया जा सकता है। पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं के साथ हुए अत्याचारों का उदाहरण देते हुए उन्होंने छात्राओं को जागरूक भी किया। गुरूग्राम से आई एडवोकेट रितू कपूर ने कहा कि छात्राएं उम्र के जिस पड़ाव से गुजर रहीं हैं, वहां पर ज्यादा संभलने की जरूरत है। जो लड़के स्कूल व कॉलेज में पढ़ाई के दौरान लड़कियों को बहला फुसलाकर उनके साथ गलत काम करते हैं, उनका उद्देश्य शादी करना नहीं होता। कामकाजी महिलाओं को वर्कप्लेस पर सुरक्षा प्रदान करने के लिहाज से पोश एक्ट बनाया गया है। जबकि पोक्सो एक्ट के तहत नाबालिगों को सुरक्षा प्रदान की गई है। मौके पर वुमेन स्टडी सेंटर इंचार्ज डॉ.मोनिका शर्मा, डॉ.दीपिका घई, डॉ.रंजना, डॉ.अमनप्रीत कौर आदि मौजूद थे।



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि।

#### जारी रहेगी मुहिम

कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसीपल डॉ.सुरिंद्र कौर ने कहा कि बेटियों को मां-बाप से ज्यादा कोई प्यार नहीं कर सकता। इसके लिए वे रोजाना हर बात अभिभावकों के साथ साझा करें। साथ ही उन्होंने बताया कि पिछले 35 साल से वे छात्राओं को लड़कियों के साथ होने वाले क्राइम के प्रति जागरूक करने का काम कर रही हैं। यह मुहिम आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### पीएचडी की छात्रा का लैपटॉप चोरी, आईजी को शिकायत के बाद केस दर्ज

**मुलाना।** एमएमडीयू मुलाना यूनिवर्सिटी में पीएचडी कर रही छात्रा अंवेशा देब ने अपने कमरे से लैपटॉप चोरी होने की शिकायत आईजी अंबाला रेंज को दी है।

त्रिपुरा की रहने वाली अंवेशा ने आरोप लगाया है कि 17 मार्च 2025 को दोपहर 12:50 बजे जब वह अपनी कक्षा से लौटकर कमरे पर पहुंची तो कमरे का दरवाजा टूटा हुआ मिला। चेक करने पर उसका लैपटॉप गायब था। अंवेशा ने सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो उसमें एक व्यक्ति को चोरी करते हुए देखा गया। उन्होंने तुरंत पुलिस थाना मुलाना में शिकायत दर्ज करानी चाही लेकिन वहां उनकी न तो शिकायत लिखी गई और न ही पुलिस का व्यवहार ठीक था। इस घटना से छात्रा डरी छात्रा ने उच्च अधिकारियों से मामले में कार्रवाई की मांग की।

# खुद को पुलिस कर्मी बताने वाली गिरफ्तार, भेजी जेल

- गुमशुदा लड़की को बरामद करके सकुशल परिजनों को सौंप दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने खुद को पुलिस कर्मचारी बताने वाली युवती को गिरफ्तार किया है। थाना सदर पेहवा के एरिया वासी एक महिला ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसकी लडकी सिलाई का काम सीखने के लिए दुकान पर जाती है। इसी दौरान उसकी दोस्ती एक युवती से हुई जिसने अपने-आपको पुलिस कर्मचारी बताया था।

19 अप्रैल को वह घर से अपनी महिला पुलिस दोस्त के साथ गई थी लेकिन शाम तक वह घर वापस नही आई। जिसकी शिकायत पर थाना सदर पेहवा में मामला दर्ज करके जांच की गई। जांच के दौरान जब गुमशुदा लड़की की दोस्त से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह उसे छोड़कर अपनी ड्यूटी पर चली गई थी। ड्यूटी बारे पूछने पर युवती ने बताया कि वह कुरुक्षेत्र के केयूके थाना में पुलिस कर्मचारी के तौर पर तैनात है। जांच करने पर पाया कि उस नाम की कोई भी महिला पुलिस कर्मचारी नहीं है।

शक के आधार पर युवती से पूछताछ की तो उसने सच्चाई बता दी। पुलिस टीम ने गुमशुदा लड़की को भी अम्बाला से बरामद करके सकुशल परिजनों को सौंप दिया। टीम ने खुद को पुलिस कर्मचारी बताने वाली पेहवा वासी युवती को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवती के बैग से पुलिस की वर्दी तथा वर्दी का अन्य सामान बरामद हुआ आरोपी युवती को अदालत में पेश करके कारागार भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### पृथ्वी दिवस पर किया विद्यार्थियों को जागरूक

**करनाल।** डी ए वी पुलिस पब्लिक स्कूल मधुबन में आज विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। जहां दिन की शुरुआत विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा के आयोजन से की गई जिसमें प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने को लेकर विद्यार्थियों को जागरुक किया गया। इसके अतिरिक्त स्कूल में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें पौधारोपण, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, कोलाज मेकिंग, कविता वाचन आदि गतिविधियों में भाग लेकर बच्चों ने 'धरती बचाओ जीवन बचाओ' का संदेश दिया।

### तरावड़ी मंडी का डीएम ईश्वर राणा ने दौरा किया

**तरावड़ी।** तरावड़ी अनाज मंडी में आज डी एम ईश्वर राणा गेहूं खरीद का जायजा लेने पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने मंडी के आढ़तियों से गेहूं खरीद और किसानों से मिलकर गेहूं बेचने की जानकारी ली। इस अवसर पर आढती एसोसिएशन के कार्यालय में पहुंचकर सरकारी खरीद एजेंसियों व लोडिंग, बारदाने के बारे में पूछताछ की। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा अबकी बार तरावड़ी मंडी में सभी कार्य सुचारू रूप से चल रहे हैं किसी को भी चाहे किसान हो या आढती हो कोई परेशानी नहीं हुई।

### अर्थ डे के उपलक्ष्य में जागरूकता शिविर लगाया

**करनाल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अर्थ डे के उपलक्ष्य में जिला के स्कूलों व कॉलेजों में सोमवार को जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।

सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने बताया कि सरकारी स्कूलों में प्रधानाचार्य व लीगल लिटरेसी इंचार्ज के सौजन्य से विद्यार्थियों को अर्थ डे के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें पर्यावरण सुरक्षा के लिए प्लास्टिक का उपयोग न करने व पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

सीजेएम ने बताया कि महिला एवं बाल कल्याण विभाग से डिंपल व सुमन ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, करनाल में तथा पैनल अधिवक्ता मोनिका शर्मा ने दयाल सिंह कॉलेज में स्टाफ व विद्यार्थियों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन कर अर्थ डे व कैम्पेन सिक्योर योर डिजिटल वर्ल्डः अवेयरनेस एंड लीगल एड अगेंस्ट साइबर फ्रॉड के अंतर्गत साइबर क्राइम बारे जागरूक किया।

### श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर में पृथ्वी दिवस मनाया

**तरावड़ी ।** श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट में मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया है। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते हुए पर्यावरण संरक्षण बचाने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को प्रदूषण से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। । स्कूल निर्देशक डॉ राकेश शर्मा ने स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों और स्टाफ के साथ विद्यालय में पौधारोपण किया गया । उन्होंने बताया कि सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता करवाई गई।

## संगोष्ठी में केंद्रीय मंत्री ने मुख्यअतिथि के रूप में की शिरकत

# एक राष्ट्र-एक चुनाव देश हित का मुद्दा आम जनता जताए सहमति : शिवराज

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली रहे मौजूद



हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन करनाल द्वारा कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज सभागार में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विशिष्ट अतिथि के तौर पर हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा शामिल हुए। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता विशेषतौर पर मौजूद रही।

संगोष्ठी में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश है। देश में हर वर्ष कहीं न कहीं चुनाव प्रक्रिया चलती रहती है, जिसका प्रभाव न केवल हमारी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है, बल्कि प्रशासनिक कार्यों और विकास परियोजनाएं भी प्रभावित होती हैं। ऐसे में 'एक देश-एक चुनाव' की अवधारणा सामने आती है, जिसका उद्देश्य है कि देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ करवाए जाएं ताकि संसाधनों की बचत हो और शासन व्यवस्था अधिक प्रभावशाली एवं विकासोन्मुखी बन सके।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने कहा कि जब चुनाव की प्रक्रिया पांच वर्ष में एक साथ होगी, तो सभी पार्टियों द्वारा किए जाने वाले खर्च कम हो जाएगें और चुनाव में पारदर्शिता आएगी

भाजपा की प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर आईएमए की और से संगोष्ठी का आयोजन करवाना अपने आप में एक सराहनीय कार्य है क्योकि डा. एक ऐसा वर्ग है जो समाज के हर व्यक्ति से सीधा जुड़ा रहता है और दिशा बदलनें में सक्षम है। इस मौके पर प्रान्त संयोजक एडवोकेट विजयपाल सिंह ने एक राष्ट्र - एक चुनाव विषय को लेकर प्रदेश में की गई गतिविधियों के बारें में जानकारी दी इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. एम.के. गर्ग, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष वेदपाल एडवोकेट, एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अमरनाथ सौदा, एक राष्ट्र-एक चुनाव के प्रांत सहसंयोजक मदन मोहन छाबड़ा, जिला सहसंयोजक मास्टर नरेन्द्र गोरसी, जिला संयोजक एडवोकेट संजय मदान, आई.एम.ए. प्रधान डॉ. दीपक प्रकाश, आई.एम.ए. सचिव डॉ. गौरव भास्कर, तथा एन.एम.ओ. करनाल के अध्यक्ष डॉ. गुलशन गर्ग व मीडिया प्रभारी डॉ. अशोक रहे।

### अलग-अगल चुनाव से बढ़ता है खर्च का बोझ

केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के लोकतांत्रिक देश है जिसकी वजह से सभी राजनैतिक दलों को हर समय चुनाव के लिए तैयार रहना पड़ता है जिससे समय और धन दौनो की बर्बादी होती है। इतना ही नही लोकसभा और विधानसभा के अलग-अलग चुनाव होने की वजह से विकास परियोजनाएं रूक जाती है और प्रशासनिक अमला व्यस्थ रहता है तथा आम जनता प्रभावित होती है और राष्ट्र का धन खर्च होता है इन सब समस्याओं से निजात पानें के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर सभी राजनैतिक दलों के साथ-साथ आम जनता को अपनी सहमति जतानी चाहिए तभी चुनावी खर्चो पर होने वाली हजारों, करोडों रुपए की राशि को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव कराने के लिए प्रत्येक बूथ पर केवल दो ईवीएम की व्यवस्था करने की जरूरत पड़ती है।

## अवैध विज्ञापन को लेकर नगर निगम सख्त, तीन पर दर्ज होगा मुकदमा




हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

सार्वजनिक सम्पत्ति को कुरूप व स्मार्ट सिटी की सुंदरता खराब करते अवैध रूप से लगाए गए विज्ञापन बोर्ड को उतारने का नगर निगम का अभियान जारी है। इसे लेकर विज्ञापन शाखा के प्रवर्तन दल ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अनाधिकृत रूप से प्रदर्शित किए गए विज्ञापन बोर्ड, फ्लैक्स, बैनर व पोस्टर को उतारा। मंगलवार को यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि शोरूम या दुकान के ऊपर अवैध रूप से स्ट्रक्चर खड़ा कर विज्ञापन प्रदर्शित करने तथा पेंटिंग पर पोस्टर चस्पा करने को लेकर 3 संस्थान मालिकों पर एफ.आई.आर. दर्ज करवाई जाएगी। इनमें कुंजपुरा रोड स्थित मैनेजर ब्लैकबेरी शोरूम तथा मधुबन स्थित ब्ल्यू स्टार हेयर सेलून ने छत पर अवैध स्ट्रक्चर खड़े किए हुए थे, जबकि सिविल अस्पताल रोड पर एगलस डायग्नोस्टिक्स की ओर से महात्मा गांधी चौक पर मेडिकल कॉलेज की दीवार पर करवाई गई पेंटिंग पर नोटिस चस्पा कर उसकी सुंदरता को खराब किया था। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 तथा हरियाणा सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1989 के प्रावधानों के तहत अमल में लाई गई है।

### 6 संस्थानों पर लगाया 60 हजार जुर्माना

उन्होंने बताया कि अधिकृत साईट की बजाए अनाधिकृत रूप से विज्ञापन प्रदर्शित करने को लेकर 6 संस्थानों पर कार्रवाई की गई है। इनमें सेक्टर-7 स्थित आई.बी.टी., नेहरू पैलेस स्थित ओपीएस ज्वैल्स, राहुल हुंडई, गुरू नानक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल टेक्नोलॉजी करनाल, मुगल कैनाल स्थित बाबा दीप सिंह जी कोचिंग सेंटर तथा नीलम यूनिवर्सिटी कैथल शामिल हैं। इन सभी पर दस-दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## पृथ्वी का संरक्षण ही हमारा विकास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरावड़ी

नरसिंह दास पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। विश्व पृथ्वी दिवस हर वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व पृथ्वी दिवस की 55वीं वर्षगांठ थी। विद्यालय ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए रैली का आयोजन किया। तरावड़ी थाना प्रभारी नसीब सिंह जी ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। छठी से नवम कक्षा के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह से रैली में हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने पूरी तरावड़ी का भ्रमण किया। पेड़ लगाओ जीवन बचाओ पृथ्वी को सुंदर बनाओ, पेड़ लगाओ पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाओ आदि के नारों ने आसपास के लोगों को जागरूक किया। विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा पेश किए गए, प्लास्टिक को कहो बाय-बाय, नुक्कड़ नाटिका के द्वारा प्रकृति सुरक्षित तो हम सुरक्षित का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने पृथ्वी की रक्षा करने और एक स्वस्थ भविष्य के लिए अपनी जिम्मेदारी के बारे में भी सीखा। विद्यालय डायरेक्टर धर्मेंद्र खेड़ा ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रकृति के संरक्षण के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ होने की आवश्यकता है। प्रधानाचार्य निशा खुराना ने कहा कि अपने जन्म दिवस पर एक पौधा अवश्य लगाएं।




तरावड़ी। रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुये थाना प्रभारी नसीब सिंह।

## रिटायर्ड कर्मचारी संघ की मांगों को लेकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल






लोकसभा में पेंशन वित्त विधेयक पास करने के विरोध में सैंकड़ों की संख्या में सेवानिवृत कर्मचारी रिटायर्ड कर्मचारी संघ के आह्वान पर जिला प्रधान बलराज सिंह के नेतृत्व में फव्वारा पार्क में इक्टठा हुए तथा वहां पर धरना दिया। इसके बाद फव्वारा पार्क से जोरदार नारेबाजी करते हुए डीसी कार्यालय पर पहुंचे। तहसीलदार को प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिला सचिव ओमप्रकाश सिहमार, संगठन सचिव कृष्ण शर्मा ने कहा कि केंद्र मे सत्तारूढ़ भाजपा सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों के लाभों से 31 दिसंबर 2025 तक पेंशन प्राप्त करने वाले सेवानिवृत कर्मचारियों को पेंशन संशोधन के अधिकार से वंचित कर दिया गया है। इससे करोड़ों की संख्या में सेवानिवृत कर्मचारियों में केंद्र सरकार के प्रति रोष फैलता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी फैसला दिया है कि संशोधित पेंशन प्रदान करने के उद्देश्य से पेंशन भोगियों को दो श्रेणियों में विभाजित नहीं किया जा सकता। रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला करनाल के प्रेस सचिव धीरज सिंह रावत ने कहा कि यदि केंद्र सरकार ने इस विधेयक को अतिशीघ्र वापस नहीं लिया तो 20 मई को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, कर्मचारी मजदूर संगठनों के आह्वान पर की जा रही राष्ट्रव्यापी हड़ताल में सेवानिवृत कर्मचारी बढ़चढ़ कर शामिल होंगे। इस अवसर पर रमेश कुमार, सेवाराम, किरण सिंह, सियानंद परोचा, कर्मबीर शर्मा, सुरेंद्र रावत, तेलूराम, सुरेंद्र पाल, राजपाल, रोशनलाल गुप्ता, गुरदयाल, हुकम सिंह राणा, लाभ सिंह आर्य, ताराचंद सैनी, बलवान सिंह, विजय कांबोज, हरपाल सिंह, बाबूराम, योगेंद्र शर्मा, कर्मबीर दूहन, राममेहर, जगन्नाथ राणा, राजपाल, ईशम सिंह, रणदीप श्योराण रहे।



### गरीब मुसलमानों के हितों की रक्षा के लिए किया गया संशोधनः मेहराज हुसैन साबरी

**करनाल।** वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के अंतर्गत आज भारतीय जनता पार्टी करनाल जिला कार्यालय में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री सिकंदर सलमानी के नेतृत्व में हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मेहराज हुसैन साबरी ने शिरकत की। बैठक में करनाल सहित विभिन्न जिलों के मंडलों से आए गणमान्य और जिम्मेदार कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। साबरी ने अपने संबोधन में वक्फ संशोधन बिल में किए गए सुधारों की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि यह संशोधन गरीब मुसलमानों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने बताया कि विपक्ष द्वारा इस कानून को लेकर आम जनमानस में भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है, जिसे दूर करने के लिए पार्टी बूथ स्तर तक जनजागरण अभियान चलाएगी। सभी कार्यकर्ताओं को इस विषय पर प्रशिक्षित कर नए कानून की सटीक जानकारी दी जाएगी, ताकि समाज के हर वर्ग तक सही जानकारी पहुँच सके। यह संशोधन पारदर्शिता, जवाबदेही और न्याय की दिशा में एक सशक्त कदम है, जिसके लिए हम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और पार्टी नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। बैठक में मेहर सिंह कलामपुरा, पूर्व पार्षद भाग सिंह, वाजिद अली और इरशाद अली अंसारी सहित काफी संख्या में मौजूद रहे।

## बच्चों के विकास में आंगनबाड़ी केंद्र की अहम भूमिका : श्रुति चौधरी

- महिला एवं बाल विकास मंत्री हरियाणा ने किया गांव झंझाड़ी में आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



हरियाणा की महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने आज जिला के गांव झंझाड़ी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कार्यक्रम अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्रुति चौधरी ने आंगनबाड़ी केंद्र के विभिन्न रजिस्टरों की जांच की। बच्चों की उपस्थिति, पोषण और स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को भी जांचा। इस दौरान उन्होंने केंद्र में मौजूद बच्चों से स्नेहपूर्वक बातचीत की और उनकी शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। मंत्री ने आंगनवाड़ी केंद्र में साफ-सफाई व्यवस्था, पर्याप्त रोशनी और बच्चों की संख्या के अनुरूप उचित स्थान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के प्रारंभिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यहां सुरक्षित वातावरण बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बच्चों की देखभाल और पोषण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को बेहतर बनाने और उन्हें सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।



### बच्चों को पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

**करनाल।** हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला करनाल की ओर से विश्व पृथ्वी दिवस जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश कुमारी एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा के दिशा निर्देशन में जिला संगठन आयुक्त सियाराम शास्त्री की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न विद्यालयों में मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन एस डी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल में किया गया, जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्य कीर्ति शर्मा ने बच्चों को पृथ्वी दिवस के बारे में एवं पर्यावरण के बारे में विस्तार से बताया। विद्यालय परिसर में लगे पौधों की देखभाल एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। जिला संगठन आयुक्त सियाराम शास्त्री ने बताया कि आज करनाल इकाई द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों में लगभग 500 से अधिक स्काउट्स एवं गाइड्स ने विश्व पृथ्वी दिवस पर भाग लिया तथा पृथ्वी को बचाने का संकल्प लिया एवं विद्यालय परिसर में लगे पेड़ पौधों की देखभाल का जिम्मा भी स्काउट एवं गाइड्स ने उठाया। गांव ब्याना स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य राम कुमार सैनी की अध्यक्षता और इको क्लब प्रभारी डॉ. महाबीर सिंह के नेतृत्व में पृथ्वी दिवस मनाया गया। हिन्दी प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा ने मुख्य वक्ता के रूप में जलवायु परिवर्तन, पेड़ों के कटाव और पोलिथीन के बढ़ते कचरे पर चिंता जताई। उन्होंने पौधारोपण, पौधापोषण और वन संरक्षण का संदेश दिया।




### प्रकृति का न करें हरण, आओ बचाएं पर्यावरण

**तरावड़ी।** एसएमएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह विशेष प्रार्थना सभा के साथ हुआ। प्रार्थना सभा में बच्चों द्वारा कविताओं के माध्यम से पृथ्वी दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला गया और धरती बचाओ, जीवन बचाओ का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका रेनू ने अपने विचार प्रकट करते हुए छात्र-छात्राओं को पृथ्वी की अहमियत को बताया और इसके प्रति अपने कर्तव्य को ग्रहण करने का संदेश दिया। विद्यालय में पृथ्वी को कैसे सुरक्षित रखा जाए। इस विषय पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। जैसे पोस्टर मेकिंग,पेंटिंग,स्लोगन लिखो आदि के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ विभा ने विश्व पृथ्वी दिवस पर अपने विचार सांझा करते हुए पाँच बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी को अपने घरों में कम से कम चार पौधे अवश्य लगाने चाहिए , जिससे ऑक्सीजन की मात्रा ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध हो सके। प्लास्टिक का प्रयोग न करते हुए स्टील का टिफिन और स्टील की बोतल लाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। पर्यावरण सुरक्षा के तहत स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए कागज का उचित प्रयोग करना , जल संरक्षण करना आदि बातों का हमें ध्यान रखना चाहिए क्योंकि पृथ्वी दिवस सिर्फ एक दिन नहीं है, बल्कि यह हर दिन पर्यावरण की रक्षा और सम्मान करने का एक आह्वान है। विद्यालय में नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में लगे पेड़ पौधों मे पानी डालकर और सफाई अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संदेश दिया।

### भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के क्षेत्र में मिला अवॉर्ड

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा करप्शन फ्री इंडिया सेमिनार एवं नैशनल चैंपियन अवॉर्ड समारोह का भव्य आयोजन फाउंडर एवं नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर फिल्म एवं टीवी अभिनेत्री महक चहल ने सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट और पूर्व डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस, आईपीएस ओम प्रकाश सागर, उद्यमी सुमित नारंग, पूर्व एचसीएस ज्यूडिशरी डॉ सुभाष गौर, नैशनल प्रेसिडेंट डॉ रंजोध सिंह, इंटरनेशनल चीफ डायरेक्टर विशाल काठ एवं नैशनल प्रेसिडेंट राजनीतिक प्रकोष्ठ गौरव गाबा ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य संपूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में सच्चाई एवं ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना है।

## पृथ्वी को सहेजकर रखना आमजन की जिम्मेदारी, न करें पानी की बर्बादी

# पृथ्वी दिवस पर डीएसपी ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| इंद्री

डीएसपी कार्यालय इंद्री के प्रांगण में डीएसपी सतीश गौतम ने पृथ्वी दिवस के मौके पर पौराणिक व सांस्कृतिक महत्व का पौधा सीता अशोक रोप कर धरती पर हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण के बाद अपने कर्मचारियों को संदेश देते हुए डीएसपी सतीश गौतम ने कहा कि ब्रह्मांड में धरती सबसे अद्भुत व सुंदर ग्रह है, जिसपर अभी तक हुई खोजों के मुताबिक जीवन संभव है। उन्होंने कहा कि धरती के तीन हिस्से पर पानी और एक हिस्से पर मनुष्य के लिए धरती मौजूद है। उन्होंने कहा कि धरती पर करोड़ों तरह के जीव जंतु अपना जीवन कुदरत के नियमों के अनुसार जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि धरती पर मनुष्य एक ऐसा प्राणी है जो कुदरत के नियमों की अवहेलना करता है, जिसके परिणाम स्वरूप धरती के इकोसिस्टम पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है और मनुष्य व अन्य जीव जंतुओं के जीवन पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि डीएसपी परिसर में सैकड़ो बड़े पौधे और हजारों की संख्या में फूल लगाए गए हैं जिसकी वजह से यहां की रौनक देखते ही बनती है। सामाजिक कार्यकर्ता व पर्यावरण मित्र महिंद्र खेड़ा ने पृथ्वी दिवस पर कहा कि पेड़ पौधों का संरक्षण आज के दौर की सबसे बड़ी चुनौती है। पौधों का पोषण करना परोपकार का काम है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी धरती को बचाने के लिए इसे हरा भरा बनाना होगा। इस अवसर पर एसआई बलजीत सिंह, अनिल कुमार, विकास कुमार, बंटी,कुलदीप, सचिन, रोहतास, सतबीर, प्रवीण, सुरेश, शुभम व महिंद्र आदि मौजूद रहे।



इंद्री। डीएसपी कार्यालय इंद्री के प्रांगण में पौधारोपण करते डीएसपी सतीश गौतम।



इंद्री। शहीद उधम सिंह वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री मे आयोजित प्रतियोगिता मे भाग लेते स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### पोस्टर बनाकर दिया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश

**इंद्री।** शहीद उधम सिंह वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में इको क्लब द्वारा पृथ्वी दिवस मनाया गया। जिसमें कक्षा छठी व सातवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पृथ्वी दिवस पर स्कूल की तरफ से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा सातवीं की तृषा, हिमाक्षी कक्षा छठी की रितिका व जानवी को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार कक्षा छठी अंशु कृषिका व कक्षा सातवीं निमरत कौर, हर्षिता, नव्या को प्रोत्साहन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### नहर पर 11 करोड़ से लगेगी ग्रिल

**पानीपत।** सुरक्षित स्कूल वाहन एवं सड़क सुरक्षा को लेकर जिला सचिवालय के सभागार में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला में जरूरत के अनुसार जहां-जहां भी जेब्रा क्रॉसिंग और गति अवरोधक ब्रेकर की आवश्यकता है उन्हें बनवाना सुनिश्चित करें। बैठक में सिवाह नहर के पास ग्रील लगाने के कार्य को लेकर उपायुक्त ने बताया कि इसकी लोक निर्माण विभाग से 11 करोड़ की तकनीकी स्वीकृति आ चुकी है। जीटी रोड के सभी अवैध कटों को बंद किया जाए। जीटी रोड के चौड़ीकरण को लेकर भी बिजली विभाग के अधिकारियों को खंबें हटाने के निर्देश दिए गए है।

### ट्रेन से यात्री का बैग चोरी

**पानीपत।** दादर-अमृतसर ट्रेन में उत्तर प्रदेश से पानीपत के लिए सफर कर रहे यात्री विमल कांत मिश्रा निवासी आगरा, उत्तर प्रदेश का बैग चोरी हो गया। बैग में आधार कार्ड, पेन कार्ड, डेबिट कार्ड, फोटो, पांच हजार रूपये नगदी, दो मोबाइल फोन सैट रखे थे। वहीं चोरी की घटना नई दिल्ली पहुंचने पर हुई। मिश्रा ने पानीपत रेलवे स्टेशन पहुंचने पर जीआरपी पानीपत थाना को शिकायत दी। जीआरपी ने शिकायत के आधार पर चोरी की जीरो एफआईआर दर्ज कर नई दिल्ली जीआरपी को जांच के लिए भेज दी।

### आईबी कालेज में यज्ञ किया

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में संस्कारशाला क्लब एवं संस्कृत विभाग द्वारा यज्ञ का आयोजन किया गया। संस्कृत विभाग की सहायक प्रो.सोनिया वर्मा ने यज्ञ का शुभारम्भ मंत्रों उच्चारण से किया। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने बताया की कॉलेज प्रबंधन की हमेशा से ये ही कोशिश रही है कि हम हमारे विद्यार्थियों को बुनियादी शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक ज्ञान भी दिलवाया जाए। इस अवसर पर टिंकू, गणेश, संगीता समेत काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

### विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया

**पानीपत।** पानीपत के नूरवाला स्थित एवी पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। बच्चों ने पर्यावरण पर नाटक प्रस्तुत किया और संदेश दिया की पृथ्वी हमारी मां है और इसकी जिम्मेदारी हम सब पर है। बच्चों ने पोस्ट भी बनाएं और अलग-अलग पेंटिंग करके अपनी कलाकृति को प्रस्तुत किया। स्कूल के निदेशक मधुबाला शास्त्री ने बच्चों को पृथ्वी दिवस पर अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आग्रह किया। मंच संचालन स्नेहा मदान ने किया।

### पर्यावरण संरक्षण के महत्त्व को रेखांकित किया

**समालखा।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस पर स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित विशेष सभा में पर्यावरण संरक्षण के महत्त्व को रेखांकित किया, विद्यार्थियों के हृदय में प्रकृति के प्रति गहरी जिम्मेदारी की भावना भी जगाई। प्रिंसिपल अजीत भारद्वाज ने विद्यार्थियों को प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए व्यक्तिगत प्रयास करने का आह्वान किया।

### पृथ्वी की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निजामपुर में पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता की ओर एक कदम कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि सविता आर्या अध्यक्ष नारी तू नारायणी उत्थान समिति ने शिरकत की और बच्चों को पृथ्वी की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण व प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के विषय में प्रेरणादायक संदेश दिया।

### राष्ट्रीय पुरस्कार को आवेदन मांगें

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय ने राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार-2024 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह पुरस्कार देश की उन एमएसएमई इकाइयों को दिया जाएगा।

## एसडी पीजी कॉलेज में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित

# प्रकृति का दोहन बंद कर पर्यावरण को घना करें : डॉ. अनुपम अरोड़ा

पर्यावरण को नुकसान पहुंचने की दृष्टि से अपने भारत देश का भविष्य बेहतर नजर नहीं आ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्या डॉ. अनुपम अरोड़ा के साथ विजेता विद्यार्थी।

एसडी पीजी कॉलेज में लाइफ साइंस विभाग की पर्यावरण बचाओ समिति द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए। वहीं, दिनेश गोयल कॉलेज प्रधान ने अपने सन्देश में कहा कि धरती पर जीवन संभव इसलिए हुआ है क्योंकि इस ग्रह पर जल उपलब्ध है, वहीं, आज लालची मानव ने पानी के अत्यधिक दोहन से धरती के इस गुण पर सवालिया निशान लगा दिया है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचने की दृष्टि से अपने भारत देश का भविष्य बेहतर नजर नहीं आ रहा है। इधर, डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि प्रकृति का दोहन बंद कर पर्यावरण को घना करें। इस धरती को बचाना हमारे अपने हाथों में ही है अगर हम सब मिलकर छोटी-छोटी आदतें बदल लें जैसे प्लास्टिक की जगह कपड़े के बैग इस्तेमाल करना, बिजली-पानी की बचत करना, ज्यादा पेड़ लगाना, तो धरती को काफी हद तक सुरक्षित किया जा सकता है। हम सब मिलकर एक ऐसा भविष्य बना सकते हैं जहां प्राकृतिक दुनिया सुरक्षित और संरक्षित हो। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि हम सब एक साथ पृथ्वी की रक्षा करने के लिए जिम्मेदार हैं। आइए हम सब मिलकर एक ऐसा भविष्य बनाएं जहां सभी जीवित प्राणियों के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित ग्रह हो।

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर प्रोफेसर राकेश कुमार सिंगला, प्रो. प्रवीण आर. खेरडे, प्रो. मयंक अरोड़ा, प्रो. प्रवीण कुमारी, प्रो बलजिंदर सिंह, प्रो प्रियंका चांदना, डॉ. रेखा, प्रो. रिया, प्रो. अंशु, दीपक मित्तल आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### लोक अदालत दस मई को

**पानीपत।** पानीपत के न्यायिक परिसर में दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दस मई को किया जाएगा। जिसमें आपसी सहमति से विभिन्न केसों को सुलझाया जाएगा। यह जानकारी मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनू ने दी।

### गेहूं की लिफ्टिंग में तेजी लाएं

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे मंडियों में लिफ्टिंग के कार्यों में तेजी लाने के लिए वे व्यक्तिगत तौर से दौरा करें और इस कार्य को समय रहते पूरा करवाएं। उन्होंने किसानों से भी अपील की कि वे फसल अवशेष ना जलाएं। यह एक कानूनी अपराध है। उन्होंने कहा कि गेहूं की कटाई के बाद खेतों की फसल अवशेष जलाने की रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार द्वारा महत्वपूर्ण दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। सभी सम्बंधित अधिकारी फिल्ड में रहकर खेतों में किसानों को अवशेष ना जलाने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि यह एक दण्डनीय अपराध भी है।

### प्रशासन का रात्रि ठहराव 25 को

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा गांव ब्राहमण माजरा में 25 अप्रैल को जाकर रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस रात्रि ठहराव में लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। वहीं, सभी विभागों के अधिकारी रात्रि ठहराव कार्यक्रम में पूरी तैयारी के साथ मौजूद रहेंगे व केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध करवाएंगे।

### क्रेडिट कार्ड का लाभ लें पशु पालक

**पानीपत।** हरियाणा प्रदेश में पशु पालन को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इसी कड़ी में पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसानों को गाय, भैंस, भेड़, बकरी, सूकर, मुर्गी के रखरखाव के लिए तीन लाख रुपए तक का ऋण देने का प्रावधान है ताकि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। छोटे किसानों को पशुपालन व अन्य स्रोतों से होने वाली आय को बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना क्रियान्वित की जा रही हैं।

# पृथ्वी दिवस पर हार्मोनी होम्स में पौधे रोपे

- कार्यक्रम में सोसाइटी निवासियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। पृथ्वी दिवस पर हार्मोनी होम्स में पौधे रोपते हुए सेव अर्थ मिशन के स्वयं सेवी आदि। फोटो : हरिभूमि

प्रकृति को जो देते हैं, बदले में प्रकृति हमें वही चीज लौटाती है। अपने स्वार्थों के वशीभूत होकर इंसान ने प्रकृति को काफी नुकसान पहुंचाया है। इसके परिणामस्वरूप ही आज धरती पर पर्यावरण की कमी से मौसम पूरी तरह से बदल रहा है, अपने निर्धारित समय पर गर्मी न पड़ना, निर्धारित समय पर सर्दी का न होना, बेमौसमी बरसातें, मैदानी इलाकों में बर्फबारी होना, गर्मी में तापमान पचास डिग्री तक पहुंच जाना और पश्चिम विक्षोभ के चलते फसलों का बर्बाद होना इस बात का पुख्ता सुबूत है कि प्रकृति अपने साथ हुई नाइंसाफी का बदला ले रही है। यह कहना है सेव अर्थ मिशन की जिलाध्यक्ष रश्मि बावा का। पानीपत की हार्मोनी होम्स सोसायटी में विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सोसाइटी निवासियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर सेव अर्थ मिशन की ब्लाक प्रमुख वंदना शर्मा, अशोक शर्मा, बलदेव राज खुराना, निधि सरदाना आदि ने बडी संख्या में पौधे रोपे व उनकी जवान होने तक देखभाल करने की बात भी कही।

# इन्नर व्हील क्लब ने अर्थ डे पर पौधे और जूट के बैग बांटें

मेयर कोमल सैनी का धन्यवाद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इन्नर व्हील मिडटाउन पानीपत ने मेयर कोमल सैनी के नगर निगम कार्यालय में अर्थ डे मनाया। क्लब प्रधान डॉ. अनु कालड़ा के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों को तुलसी के पौधों के साथ जूट बैग्स भेंट किए गए। मेयर कोमल सैनी का क्लब की इस मुहिम के लिए धन्यवाद दिया। जबकि क्लब की तरफ़ से सह सम्पादिका डॉ. दीप्ति जैन के साथ महापौर कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। दूसरी ओर, क्लब द्वारा अपना आशियाना में बुजर्गों के लिए एक बेड व छत के पंखे भेंट किए गए। वहीं, सभी बुजर्गों के लिए सायंकाल स्नेक्स की व्यवस्था भी की गई। अपना आशियाना के प्रबंधक चमन गुलाटी ने इन्नर व्हील मिडटाउन द्वारा पूर्व में व भविष्य में मिल रही सेवाओं की सरहाना की। क्लब की अध्यक्ष डॉ. अनु ने आश्वासन दिया कि क्लब की ओर से भविष्य में भी अपना आशियाना को सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समाज सेवी गोबिंद कालड़ा, क्लब की सचिव डॉ. स्वाति व डॉ. दीप्ति भी उपस्थित रही।



पानीपत। पानीपत नगर निगम कर्मचारियों को पौधे व जूट के बैग बांटती हुए इन्नर व्हील क्लब की पदाधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

# इंसान को सद्भावना की राह दिखाता है साहित्य : तायल

कवि सम्मेलन का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पाइट में कवि सम्मेलन में अतिथियों को सम्मानित करते हुए हरिओम तायल आदि।

पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एनएफएल द्वारा पाइट कॉलेज में कवि सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। वहीं, विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति और हास्य कविताओं पर आधारित काव्य मंचन किया गया। विद्यार्थियों ने बड़े जोशीले अंदाज में देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताओं का आगाज किया एवं हास्य कविताओं से भी विद्यार्थियों ने सबको लोटपोट कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कवयित्री सोनिया सोनम अक्स ने शिरकत की थी। जबकि प्रबंधन कमेटी के सदस्यों में फाउंडर हरि ओम तायल, चेयरमैन सुरेश तायल, मेंबर सेक्रेटरी राकेश तायल, शुभम तायल भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम के उपरांत वीर रस की कविताओं में प्रथम निवारांशु, द्वितीय चारमी तथा तृतीय अर्शी रही तथा हास्य रस में प्रथम ईशा द्वितीय रिद्धि तथा तृतीय मिष्ठी रही। विजेताओं को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। वहीं हरि ओम तायल ने कहा कि साहित्य मानवत को सद्भावना का संदेश देता है। इस अवसर पर अखिलेश मिश्रा, प्रो विजय सिंह, प्रधानाचार्या रेखा बजाज, उप प्रधानाचार्या बॉबी सिंह, मनजीत कौर, आशा रानी, शुभम तायल आदि उपस्थित रहे।

# काबिल विद्यार्थियों को ही मिलती है सफलता

- सचिव सुरेश तायल ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा




पानीपत। पाइट के विद्यार्थी विभिन्न कंपनियों के पदाधिकारियों के साथ फोटो : हरिभूमि

काबिल बनो, कामयाबी तो झक मारके पीछे भागेगी। अगर आपके अंदर स्किल नहीं है तो आपको जॉब नहीं मिलेगी। स्वरोजगार में बेहतर नहीं कर सकेंगे। मार्क्स ज्यादा आने से ही सफलता नहीं मिलती, आप कितने कुशल और डेवलप हैं, उससे ही सब कुछ हासिल किया जा सकता है। सफलता का यह मंत्र पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में आयोजित प्लेसमेंट अचीवर्स मीट 2025 में इंफोसिस से वरिष्ठ एसोसिएट नेहा अंतिल, नेस्ले इंडिया से प्रबंधक हितेश जैन, ओकी डॉकी से ललित गर्ग एवं वृंदा ग्लोबल से सर्वजती सिंह मिड्ढा ने दिया। काबिल विद्यार्थियों को ही सफलता मिलती है। मीट में स्मृद्धि ऑटोमेशन, सिनर्जी लैब्स, नोवम कंट्रोल, रेडियो ओरेंज, रीबल इंटरनेशनल, एम3एम सहित दर्जनभर कंपनियों ने चयन किया।

सीएसई, आइटी, मैकेनिकल, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, मार्केटिंग, एचआर, सिविल जैसे क्षेत्रों में सौ से अधिक विद्यार्थियों को जॉब मिली। इधर, पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं को सीखने और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। तकनीकी दुनिया में क्या बदलाव हो रहे हैं, इसके बारे में पता चलता है। सचिव सुरेश तायल ने भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, डीन डॉ.जेएस सैनी ने भी चुनौतियों, रिसर्च आदि मौजूद रहे।




पानीपत। बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता रैली निकालते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# बाल विवाह करवाने पर हो सकती है सजा

**पानीपत।** एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा रिसालू, पावटी और चुलकाना गांवों में स्कूलों में विद्यार्थियों के साथ बाल विवाह कानून, पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम अधिनियम के बारे में प्रशिक्षण देकर उन्हें बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई। इसमें बालविवाह के दुष्परिणामों तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने गांव में रैली के माध्यम से लोगों को भी जागरूक किया। इधर, संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता ने बताया कि तीस अप्रैल को अक्षय तृतीया पर बाल विवाह को रोकने के लिए भ्रसक प्रयास किए जा रहे हैं क्योंकि ज्यादा से ज्यादा जागरूकता फैलाकर ही इस समस्या से निपटा जा सकता है। इसके लिए पुजारियों, बैंक्वेट हाल मालिकों, हलवाई, टैंट वालों, प्रिंटिंग प्रेस वालों, डेकोरेटर्स सभी को समझाया जा रहा है कि लड़की और लड़के की उम्र जांचकर ही शादी करवाएं। बाल विवाह करवाने पर सजा हो सकती है।

### विश्व पृथ्वी दिवस मनाया

**पानीपत।** पानीपत के गांव जाटल के महर्षि कश्यप राजकीय पॉलिटेक्निक में मंगलवार को पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह एवं जागरूकता गतिविधियों के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम भारतीय भूभौतिकीय संघ (आईजीयू) द्वारा प्रायोजित और भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओइएस) द्वारा वित्तीय सहायता से आयोजित किया गया।

## कमरख और आंवले के पौधे ऑक्सीजन बाग में रोपित करवाए गए

# वृक्ष लगाओ-वृक्ष बचाओ के नारे के साथ पौधे रोपे

वृक्ष लगाओ-वृक्ष बचाओ के नारे के साथ आज सैकड़ो वृक्षों को दीमक से बचाव के लिए दवाई डालकर संरक्षित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



अर्थ डे पर देशबन्धु गुप्ता राजकीय कॉलेज में पौधे रोपते हुए टीचर्स एंड स्टूडेंट्स।

देशबन्धु गुप्ता राजकीय कॉलेज में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर इको क्लब, इतिहास विभाग और समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हमारी शक्ति हमारा ग्रह थीम के तहत पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र जागलान ने की और कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रीनमैन दलजीत कुमार प्रभारी इको क्लब के द्वारा किया गया। प्रो दलजीत ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर वृक्ष लगाओ-वृक्ष बचाओ के नारे के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किया गया जहां प्रिंसिपल डॉ. सुभाष चंद्र के हाथों कमरख और आंवले के पौधे ऑक्सीजन बाग में रोपित करवाए गए। दूसरी तरफ पहले से लगे वृक्षों को दीमक और अन्य कीटनाशकों से संरक्षित करने के लिए इको क्लब के पर्यावरण प्रहरियों के साथ वृक्ष लगाओ-वृक्ष बचाओ के तहत बड़ा अभियान चलाया गया। वृक्ष लगाओ-वृक्ष बचाओ के नारे के साथ आज सैकड़ो वृक्षों को दीमक से बचाव के लिए दवाई डालकर संरक्षित किया गया। इधर, बड़े पैमाने पर इको क्लब विद्यार्थियों ने हर्बल बॉटनिकल गार्डन और ऑक्सीजन बाग में सफ़ाई अभियान, पौधों की गुड़ाई-नुलाई, पानी का प्रबंध किया गया। ग्रीनमैन प्रो दलजीत ने कहा कि पृथ्वी इंसानों के रहने लायक तभी बचेगी जब हम सभी अधिक से अधिक वृक्ष लगाएंगे और पहले से लगे वृक्षों को बचाएंगे। इस दौरान डॉ दलजीत सिंह, डॉ तकदीर सिंह, डॉ दिनेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# दयाल सिंह स्कूल में अर्थ डे पर पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। डीएसपीएस की प्राचार्या डॉ विनीता के साथ विजेता विद्यार्थी।

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में विज्ञान विभाग की ओर से अर्थ डे पर अन्तर्विद्यालय पोस्टर निर्माण और पीपीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा रहे। प्रधानाचार्या डॉ.विनीता तोमर ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्रतियोगिता में 11 विद्यालयों के 62 विद्यार्थियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका असिस्टेंट प्रो. निधि और एकता ने निभाई। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और विज्ञान नाटक के माध्यम से पृथ्वी को संकट से उभारने का संदेश दिया। प्रधानाचार्या डॉ.विनीता तोमर और मुख्य अतिथि हरपाल ढांडा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। वहीं हरपाल ढांडा ने कहा कि पर्यावरण के क्षेत्र में दयाल सिंह स्कूल अच्छा कार्य कर रहा है। गत दिनों गंदगी से भरी ग्रीन बेल्ट में प्राचार्या डॉ. विनीता तोमर के प्रयासों से अब अमरूद का बाग फल दे रहा है। इस बाग में करीब चार सौ पेड है। उन्होंने विद्याथियों से आह्वान किया वे हर साल फरवरी व मानसून के दौरान अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपे और उनकी जवान होने तक देखभाल करें। इस अवसर पर स्कूल परिसर में पौधे भी रोपे गए।

### जिला परिषद की बैठक में कई प्रस्तावों पर लगी मोहर

**पानीपत।** पानीपत जिला परिषद की सामान्य बैठक मंगलवार को जिला सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में जिला परिषद की अध्यक्ष काजल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिला परिषद की सीईओ डॉ. किरण सिंह की मौजूदगी में आठ एजेंडों पर एक-एक करके चर्चा हुई। जिसमें राज्य वित्त आयोग की प्रगति, 15वें वित्त आयोग की प्रगति एवं पूर्व योजना के अनुमोदन पर परिषद के सदस्यों ने सहमति प्रकट की। वहीं मनरेगा योजना के तहत सदस्यों द्वारा मांगों की प्रगति हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी रण सिंह वर्मा ने मनरेगा के कार्यों को प्रगति से करने व प्राथमिकता देने के लिए अपनी राय दी। बैठक में ग्राम पंचायतों में स्टील के बैंच रखने पर भी चर्चा हुई। बैठक में पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को भी जिला परिषद सीईओ के समक्ष रखा जिस पर अधिकारियों ने परिषद के सदस्यों को आश्वासन दिया कि बैठक में जिन पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं रखी हैं उन पर वे अच्छा कार्य कर के दिखाएंगे।

## खबर संक्षेप

### खून की कमी से होती कई बीमारियां

**नारायणगढ़।** नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि एनीमिया यानी शरीर में खून की कमी होने से कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं खड़ी हो जाती है। आयरन व विटामिन बी 12, फोलिक एसिड की कमी से एनीमिया होता है। अगर समय रहते इस ओर ध्यान दिया जाए तो उन समस्याओं से बचा जा सकता है। महिलाएं और किशोरियां जागरूकता के अभाव के कारण एनीमिया की शिकार होती हैं। एनीमिया यानी खून की कमी इसके मुख्यतः तीन कारण है पहले है रक्त कोशिकाओं में आयरन की कमी जिसमें रक्त कोशिकाएं अपने साइज से छोटी हो जाती हैं।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधे लगाने का लिया संकल्प

**नारायणगढ़।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय प्रधानाचार्या राजेंद्र कौर की अध्यक्षता में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी दिवस पर यह संकल्प लें कि इस धरती पर हम अधिक से अधिक पौधे लगाएंगे बल्कि उनकी देखभाल करेंगे। उन्होने यह भी कहा कि प्रदूषण न फैले इसमें अपना सहयोग देंगे।

### किडनी रोगों की दी जानकारी

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में यूथ रेड क्रॉस के तत्वावधान में दो विस्तार व्याख्यानों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था। प्रथम व्याख्यान में किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्षिल ने किडनी की समस्याओं और पथरी बनने के कारणों, लक्षणों व बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उचित आहार, नियमित व्यायाम और जल की पर्याप्त मात्रा के सेवन पर जोर दिया। द्वितीय व्याख्यान में न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. स्वाति ने मिरगी और अधरंग के लक्षणों, कारणों और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### बीएसएनएल ने ग्राहक मेला लगाया

**नारायणगढ़।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की तरफ से मंगलवार को ग्राहक सेवा माह के अंतर्गत सेवा मेला आयोजित किया गया। इस मेले का उद्देश्य बीएसएनएल की विभिन्न सेवाओं की जानकारी ग्राहकों तक पहुंचाना रहा। इस मेले में वरिष्ठ बीजेपी नेता एवं पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी मुख्य अतिथि थे। बीएसएनएल की ओर से प्रधान महाप्रबंधक कृष्ण बिहारी मीणा, उप-महाप्रबंधक संजीव जैन, सहायक महाप्रबंधक अवतार सिंह एवं अन्य मौजूद रहे।

### अर्थ डे पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में अर्थ डे के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के इको क्लब, जूलॉजी विभाग, एसडीजी क्लब और बायोलॉजी एसोसिएशन के सहयोग में किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉक्टर रोहित दत्त ने अपने संबोधन में कहा, हमें अपनी पृथ्वी की रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए। हमें अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करना चाहिए। क्लब के इंचार्ज डॉक्टर कुलदीप यादव ने कार्यक्रम के दौरान ग्लोबल वार्मिंग पर व्याख्यान का आयोजन किया।

---

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने पंप हाउस और पाइप लाइन के कार्य का किया शुभारंभ

# पॉश कॉलोनियों में बरसाती पानी से मिलेगी राहत, 8 करोड़ की योजना का शिलान्यास

### बहबलपुर वाले मामले में विस्तार से दी सफाई, कहा कुछ लोग रच रहे हैं सियासी साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

बरसाती सीजन से पहले अंबाला शहर के लिए राहत की खबर आई है। नायब सरकार के कार्यकाल में विकास के पथ पर अग्रसर अंबाला शहर को एक बार फिर करोड़ों रुपये की सौगात मिली है। इनका शिलान्यास मंगलवार को पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने किया। अंबाला शहर को जलभराव की समस्या से मुक्ति दिलवाने की दिशा में पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को भी अंबाला शहर को बड़ी सौगात मिली। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने शहर के पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौक के नज़दीक लगभग 6.83 करोड़ की लागत से बनने वाले पंप हाउस के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही लगभग 1.41 करोड़ की लागत से 600 एमएम डीआई पाइप लाइन बिछाने के कार्य का भी शिलान्यास पूर्व मंत्री द्वारा किया गया। असीम गोयल ने बताया कि यह प्रोजेक्ट शहर के बड़े इलाके को बरसाती सीज़न में राहत प्रदान करेंगे। पानी निकासी की व्यवस्था को सुधारने की दिशा में यह प्रोजेक्ट अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने इन महत्वपूर्ण विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी का भी आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा, डिप्टी मेयर राजेश मेहता, सीनियर डिप्टी मेयर प्रतिनिधि सुंदर ढींगरा, निगम सदस्य मनीष आंनद, सरदूल सिंह, फकीर चंद, यतिन बंसल, हितेश जैन, राकेश सिंगला, जसबीर सिंह, शोभा पुनिया, सुरेश सहोता, मंडल अध्यक्ष गुरविंदर मानकपुर, भाजपा नेता गुरप्रीत सिंह शाना, संजीव गोयल, अनिल गुप्ता व सेक्टरों से संबंधित अलग अलग एसोसिएशन के प्रतिनिधि एवं सदस्य मौजूद रहे।





**अंबाला।** विकास कार्यों का शिलान्यास करते पूर्व मंत्री असीम गोयल व अन्य व डीसी को भेजी शिकायत दिखाते सरपंच प्रतिनिधि। *फोटो : हरिभूमि*

#### अपने खिलाफ राजनीतिक षड्यंत्र बताया

गांव बहबलपुर के तीन लोगों द्वारा पूर्व राज्य मंत्री पर लगाए गए आरोपों के मामले में असीम गोयल ने अपनी प्रतिक्रिया दी। गोयल ने इस मामले को अपने विरुद्ध राजनीतिक षड्यंत्र करार दिया। गोयल ने कहा कि यह गांव की पंचायत और तीन लोगों का आपसी मामला है। जो की गांव में बने अंबेडकर भवन से जुड़ा है लेकिन यह कुछ ऐसे राजनीतिक लोगों का षड्यंत्र है जो सामने से नहीं लड़ सकते। असीम गोयल ने ऐसे लोगों को लोमड़(लोमड़ी) करार देते हुए कहा कि कुछ ,शातिर नेताओ ने अपने धनबल व बाहुबल के बलबूते उनके खिलाफ राजनीतिक षड्यंत्र किया है लेकिन ऐसे लोगों के पास जनबल नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले से उनका दूर दूर तक कोई लेना देना नहीं।

#### ग्रामीणों ने डीसी को दी शिकायत

इस मामले को लेकर बहबलपुर गांव के मौजूदा सरपंच प्रतिनिधि किरपाल सिंह भी मीडिया के सामने आए। उन्होंने असीम गोयल पर आरोप लगाने वाले व्यक्तियों पर बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर भवन पर कब्जा करने के आरोप लगाए। सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि गांव में बने अंबेडकर भवन को लेकर ये लोग बीते लगभग 15 वर्षों से अड़चने अड़ा रहे हैं। पिछले कई सरपंचों के कार्यकाल में भी इन लोगों ने यही काम किए हैं। सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि इस मामले को लेकर अब पूरे गांव ने डीसी को भी एक पत्र लिखकर मामले की वास्तविकता बताई है। साथ ही इन लोगों पर एक्शन लेने की गुहार लगाई है। उन्होंने बातचीत में स्पष्ट किया कि पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल का इस मामले से कोई संबंध नहीं।

---

# सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणी करने वाले सांसद को बाहर करे भाजपा

- प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने बोला हमला
- संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे भाजपा नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सुप्रीमकोर्ट के अधिकार क्षेत्र को लेकर भाजपा सांसदों द्वारा की जा रही टिप्पणी को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कड़ा प्रहार किया है। जैन का आरोप है कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे योजनाबद्ध तरीके से सुप्रीम कोर्ट पर अपने बयानों के जरिए दबाव बनाने का प्रयास कर रहे है। जैन ने कहा की यह देश संविधान से चलता है। संविधान ही देश मे सर्वोपरि है। उन्होंने कहा की देश में हर संस्था संविधान के अधीन ही काम करती है। जबकि भाजपा नेता सुप्रीम कोर्ट को भी अपने हिसाब से चलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता उच्चतम न्यायालय पर टिप्पणी कर देश की संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं। जबकि जानबूझ कर भाजपा अपने सांसद निशिकांत दुबे के बयान को निजी बता कर मामले से पल्ला झाड़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसद अपनी पार्टी के इशारे पर सर्वोच्च न्यायालय पर टिप्पणी कर रहे हैं। पर भाजपा न्यायपालिका पर अस्वीकार्य टिप्पणियों पर पूरी तरह से चुप हैं। उन्होंने कहा की संविधान पर बार-बार हो रहे हमलों को लेकर पीएम भी मौन है। प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के डेलीगेट रोहित जैन ने कहा कि भाजपा ने तो न्यायपालिका को भी नहीं बक्शा। उसकी स्वायतता पर भी भाजपा नेता लगातार उंगली उठा रहे हैं। साफ प्रतीत होता है कि भाजपा संवैधानिक संस्थाओं पर भी भरोसा नहीं कर रही है। जैन ने भाजपा अध्यक्ष से सवाल किया कि भाजपा सांसद के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। ऐसे नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई न्यायपालिका की स्वायतता पर ऐसे सवाल न उठा सके।

### मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आज

**कुरुक्षेत्र।** डॉ. अंबेडकर समाज कल्याण सभा बजीदपुर द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज, 23 अप्रैल को गांव के राजकीय मिडल स्कूल में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन सुबह 9 बजे किया जाएगा। सभा के प्रधान ओम प्रकाश ने बताया कि समारोह में पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक के होनहार छात्रों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवसर पर थानेसर के एसडीएम अमन कुमार मुख्य अतिथि होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सूचना, भाषा एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह करेंगे। उन्होंने बताया कि विशिष्ट अतिथि बीएसएनएल के पूर्व एसडीओ लखमी चंद रंगा और मीडिया वेलफेयर क्लब कुरुक्षेत्र के प्रधान बाबू राम तुषार होंगे।

---

# पोषण स्वास्थ्य विकास का मूल आधार

- संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में पोषण पखवाड़ा मनाया, स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में पोषण पखवाड़ा मनाया गया। इस आयोजन का नेतृत्व एनएसएस सैल की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. पूजा बैरागी ने किया। पखवाड़े के दौरान छात्राओं को पोषण, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

स्वस्थ और संतुलित आहार विषय पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। पौष्टिक आहार पर निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई जिसमें 20 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में चेष्टा ने प्रथम, प्रीति ने द्वितीय तथा पलक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।खाना बनाने की कला प्रतियोगिता में 24 छात्राओं ने अपने पाक-कौशल का प्रदर्शन किया। स्वस्थ आहार, स्वस्थ जीवन विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने कहा कि, पोषण स्वास्थ्य एवं समग्र विकास का मूल आधार है।

बेहतर पोषण से न केवल शिशु और मातृ स्वास्थ्य सुधरता है, बल्कि यह मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली, सुरक्षित गर्भावस्था और गैर-संचारी रोगों की रोकथाम में भी सहायक होता है।




**गन्नौर।** छात्राओं द्वारा तैयार किए गए व्यंजन जांचती शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

# जजपा को मजबूत बनाने का संकल्प

- पार्टी नेताओं ने नीतियां जन जन पहुंचाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

जननायक जनता पार्टी की एक अहम बैठक साहा में आयोजित की गई जिसमें पार्टी के संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने की रणनीति बनाई गई। इस बैठक की अध्यक्षता जजपा के जिलाध्यक्ष मनदीप सिंह बोपाराय ने की जबकि पार्टी के प्रभारी प्रो. रणधीर सिंह और नफे सिंह मान ने विशेष रूप से बैठक की निगरानी और दिशा-निर्देशन किया। बैठक के दौरान संगठनात्मक ढांचे के पुनर्गठन, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने, और जमीनी स्तर पर पार्टी की मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष मनदीप सिंह बोपाराय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जजपा केवल उन्हीं सदस्यों को संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपेगी जो पार्टी के सक्रिय सदस्य होंगे और निष्ठा व लगन से कार्य करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे गांव-गांव जाकर पार्टी की विचारधारा को पहुंचाएं और नए लोगों को जोड़ने का कार्य प्राथमिकता से करें। इस मौके पर जगदीप गोला, रविंद्र धीन, विक्रम धीमान, मामचंद छमिया, गुरमीत सिंह, शमशेर राणा, अमरेंद्र सौंटा, अनिल, संदीप, सुरजीत सिंह सौंड़ा, उदयवीर, नरेश धीमान, ज्ञानचंद और परविंद्र ढ़िल्लों शामिल रहे।



**अंबाला।** मीटिंग के दौरान मौजूद जजपा नेता। *फोटो : हरिभूमि*

### परशुराम कॉलेज में मेडिकल कैंप आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम कॉलेज, कुरुक्षेत्र में यूथ रेडक्रॉस इकाई के तत्वावधान में एक निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में कॉलेज के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों की शुगर, हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, पल्स रेट एवं बॉडी मास इंडेक्स की जांच की गई। यह कैंप भारत ग्रुप ऑफ एजुकेशन की टीम द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बैचलर इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी विभाग से डॉ. सतीश कुमार ने किया। कॉलेज के यूथ रेड क्रॉस काउंसलर डॉ. सौरभ त्रिखा ने बताया कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित की जाती रही हैं।

---

डीसी के अधिकारियों को निर्देश

# समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों पर जल्द हो कार्रवाई

- प्रदेश सरकार की इस पहल को जनता का भी मिल रहा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। जिला स्तरीय समाधान शिविर उपायुक्त कार्यालय तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बराड़ा व नारायणगढ एसडीएम कार्यालय में आयोजित होंगे। डीसी ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की इस पहल को जनता का भी सहयोग मिल रहा है।

# बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

शैमरॉक लिटिल फ्लावर स्कूल में पृथ्वी दिवस (अर्थ डे) बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों को अर्थ डे के महत्व के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें उन्हें बताया गया कि पृथ्वी की देखभाल करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में शैम प्रेप जूनियर के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक आकर्षक नाट्य प्रस्तुति दी जिसमें उन्होंने पेड़, पक्षी, नदी और फूल जैसी प्राकृतिक भूमिकाएं निभाईं। इस प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि हमें अपनी पृथ्वी को स्वच्छ और सुरक्षित रखना चाहिए।




**बराड़ा।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्टूडेंट्स।

#### पानी बचाने को प्रेरित किया

इसके बाद शैम प्रेप सीनियर के छात्र सिदक खेतरपाल ने जल संरक्षण पर प्रभावशाली पंक्तियाँ प्रस्तुत कर सभी को पानी बचाने के लिए प्रेरित किया। उनकी प्रस्तुति ने उपस्थित जनों को सोचने पर मजबूर कर दिया। अंत में स्कूल के चेयरमैन इंद्रजीत सिंह और उप-प्रधानाचार्या सुमन शर्मा ने सभी बच्चों को अर्थ डे की शुभकामनाएं दी।

तय समयावधि पर भुगतान हो

# गेहूं के उठान में लापरवाह एजेंसी के खिलाफ होगी ठोस कार्रवाई

- डीसी ने मंडियों से समय पर गेहूं उठाने के लिए दिए सख्त आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले मे 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 192403.3 मीट्रिक टन गेहूं को खरीद लिया है। इन मंडियों में अब तक 33567 किसान गेहूं लेकर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा इन मंडियों में एजेंसियों द्वारा गत दिवस तक 55.5 प्रतिशत के साथ 106791 मीट्रिक टन गेहूं के उठान कार्य को पूरा कर लिया है।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सभी एजेंसियों के अधिकारियों को गेहूं उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश देते हुए कहा कि मंडियों से गेहूं खरीदने के बाद लिफ्टिंग के कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ उन्होंने किसानों को उनकी फसल की भुगतान राशि को निर्धारित समयावधि के भीतर भुगतान करना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी एजेंसी उठान व भुगतान कार्य में लापरवाही बरतेगी उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 21 अप्रैल तक अंबाला छावनी से 12270 एमटी, अंबाला शहर से 51402 एमटी गेहूं की खरीद की है।

---

### आरपीएफ कर्मचारी सस्पेंड ठेकेदार से हाथापाई के बाद हुई कार्रवाई

**अंबाला।** डीआरएम कार्यालय में लगी गाड़ी के रुपये नहीं देने के मामले में आरपीएफ कर्मचारी को सस्पेंड कर दिया गया है। उसकी ठेकेदार के साथ हाथापाई हो गई थी। रेलवे कॉलोनी में रहने वाली सुमन ने बताया कि उसके भाई की गाड़ी मंडल रेल कार्यालय में ठेके पर लगी है। लगभग एक साल से ठेकेदार भुगतान नहीं कर रहा था। इसके लिए सोमवार को वह पड़ाव थाने में शिकायत देने गई थी। शिकायत के आधार पर थाने जाने के बाद ठेकेदार ने खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद ठेकेदार ने महिला के साथ दुर्व्यवहार कर दिया। जब इसकी जानकारी महिला के पति आरपीएफ में तैनात ऑफ ड्यूटी कर्मचारी को मिली तो वह ठेकेदार से बात करने के लिए गया। उसका कहना है कि इस दौरान उस पर हमला हो गया। इसके बाद पति-पत्नी शिकायत देने के लिए मंडल रेल प्रबंधक के पास गए लेकिन वे व्यस्त थे। देर शाम उन्हें जानकारी मिली कि ऑफ ड्यूटी कर्मचारी राजिंदर को निलंबित कर दिया गया है। जब राजिंदर से बात की तो उसने बताया कि ठेकेदार के करिंदो ने उसकी पत्नी के साथ दुर्व्यवहार किया था।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विवि की ओर से आयोजित कार्यक्रम

# समाजसेवा में भूमिका निभाने वाले 60 पदाधिकारी सम्मानित

- सभी समाज सेवियों को उनके द्वारा किए जा रहे जनकल्याण के कार्य की प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के कंचघर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से समाज सेवा पर आधारित विषय पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेयर शैलजा सचदेवा एवं वशिष्ट अतिथि अनुभव अग्रवाल थे। मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारीज के मुख्यालय माउंट आबू से पधारे डॉक्टर ईवी स्वामीनाथन भाई जी ने सभा में पधारे, सभी समाज सेवियों को उनके द्वारा किए जा रहे जनकल्याण के कार्य की प्रशंसा की। उन्हें इसके लिए प्रोत्साहन दिया। उन्होंने अपने सुंदर विचारों के द्वारा सभी को समझाया की हमारा समाज जिन परिस्थितियों से गुजर रहा है तथा जिन हालातों का सामना कर रहा है उसका कारण सिर्फ आध्यात्मिकता की कमी है।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि अध्यात्म इस मानव समाज की रीढ़ है। जिस प्रकार एक मानव शरीर बिना रीढ़ के न झुक सकता है न कोई कार्य कर सकता है, इसी प्रकार अगर हम भी समाज की समृद्धि में अध्यात्म को शामिल नहीं करते हैं तो एक सशक्त समाज का निर्माण नहीं कर सकते।



**अंबाला।** सम्मानित किए गए प्रमुख समाजसेवी।

#### मन को शांत रखें

कार्यक्रम के दौरान भ्राता ने सभी को 5 मिनट के मेडिटेशन में एक सुंदर अनुभूति कराते हुए कहा कि अध्यात्म की यात्रा करने के लिए मन की शांति को बरकरार रखना होगा। अपने अंतर्मन में आत्म जागृति का एक दीपक जगाना होगा। उसके लिए जरूरी है रोज आध्यात्मिक यात्रा करना अपने आप से मिलना, अपने आपसे पूछना की पूरा दिन हमने समाज के लिए बहुत कुछ किया, बहुत कुछ सोचा परंतु क्या ₹एक मुलाकात अपने आप से की ₹? तो

### राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के तहत 8 से 22 तक दिया गया ग्रोथ मॉनिटरिंग प्रशिक्षण

**अंबाला।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 से 22 अप्रैल 2025 तक राष्ट्रीय पोषण पखवाडा मनाया गया। इसके तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी मिक्षा रंगा की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केंद्र में ग्रोथ मॉनिट्रिंग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर के रूप में सुपरवाइजर सिमरप्रीत कौर-, दीपांशु अंबाला शहर, नीलम-साहा ने सभी सुपरवाईजर तथा चयनित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ग्रोथ मॉनिट्रिंग उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी। इन उपकरणों की सहायता से आंगनवाडी कार्यकर्ता लाभार्थियों के वजन तथा लंबाई का मापन करती हहैं। सभी प्रतिभागियों को जिला कार्यक्रम अधिकारी मिक्षा रंगा, सुमन बाला, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी-शहरी, अनीता सजवान जिला समन्वयक तथा सीमा खंड समन्वयक द्वारा पोषण ट्रैकर एप पर फेस रिकॉगनाइजेशन सिस्टम की स्थिति में सुधार करने के लिए भी कहा गया।